भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

29 जनवरी 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा पूर्वी मिदनापुर (पश्चिम बंगाल) में आयोजित जन-सभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

2019 का लोक सभा चुनाव 'सोनार बांग्ला' के निर्माण का चुनाव है, सोनार बांग्ला की संकल्पना को साकार करने का चुनाव है। पश्चिम बंगाल की जनता अब परिवर्तन चाहती है

******

सरकार ऐसी होनी चाहिए जिसे देश का नेतृत्व करने वाला 'लीडर' चलाये लेकिन तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी चाहती है कि दलाली करने वाले 'डीलर' चलायें। जनता तय करे कि मोदी जी के नेतृत्व में 'लीडर' वाली सरकार चाहिए या फिर ममता दीदी और राहुल गाँधी के नेतृत्व वाली 'डीलर' वाली सरकार?

******

यूपीए की दस सालों की सोनिया गाँधी और राहुल गाँधी वाली 2G सरकार में 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले हुए थे। अब कांग्रेस ने भ्रष्टाचार की नई योजना बनाई है। प्रियंका वाड्रा के रूप में तीसरा 'जी' भी आ गया है। पता नहीं, अब यदि कांग्रेस की सरकार बनी तो कितने लाख करोड़ का घोटाला होगा?

******

ममता दीदी ने पिछले चुनाव में पश्चिम बंगाल की जनता से राज्य की 55 हजार बंद फैक्ट्रियों को शुरू कर रोजगार देने का वादा किया था। ममता दीदी बताएं कि इनमें से कितनी फैक्ट्रियां शुरू हुई? फैक्ट्रियां तो शुरू हुई नहीं, हाँ, उसकी जगह हर जिले में बम बनाने की फैक्ट्री जरूर शुरू हो गई

******

हम रथयात्रा लेकर पश्चिम बंगाल के गाँव-गाँव, जन-जन तक जाना चाहते थे लेकिन ममता दीदी ने हमें राज्य की जनता से मिलने नहीं दिया जबकि यह हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है। ममता दीदी, आप चाहे जितने अवरोध पैदा कीजिये, हमारे कार्यकर्ता जन-जन तक कमल का संदेश लेकर जायेंगे

******

ममता दीदी, आप चाहे हमें यात्रा के लिए परमिशन न दें, मेरा हेलिकॉप्टर तक न उतरने दें लेकिन आप पश्चिम बंगाल की जनता के दिलों से भाजपा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को कैसे निकाल पायेंगी। राज्य की जनता मोदी जी की विकास यात्रा से जुड़ने का फैसला कर चुकी है

******

परिवारवाद में यकीन करने वाले लोग देश का भला नहीं कर सकते। जिस तरह कांग्रेस में नेहरू, इंदिरा गाँधी, राजीव गाँधी के बाद सोनिया गाँधी, राहुल गाँधी और प्रियंका वाड्रा का कब्जा है, ठीक उसी तरह तृणमूल कांग्रेस में भी ममता दीदी के बाद उनका भतीजा तैयार बैठा है

******

तृणमूल सरकार में पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के 65 कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या कर दी गई। हमारे कार्यकर्ताओं का गुनाह बस इतना था कि वे ममता दीदी के सिंडिकेट, परिवारवाद, अराजकता और तृणमूल सरकार संरक्षित लोगों द्वारा बम धमाकों का विरोध कर रहे थे

******

पश्चिम बंगाल की जनता ने लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी और तृणमूल कांग्रेस को सरकार चलाने का मौक़ा दिया लेकिन किसी ने भी पश्चिम बंगाल का विकास नहीं किया। आप एक मौक़ा भारतीय जनता पार्टी को दीजिये, हम पश्चिम बंगाल की गौरवशाली संस्कृति को पुनर्स्थापित करेंगे

******

पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की सरकार ने गरीबी लाने का पाप किया, कम्युनिस्ट सत्ता में आई तो हिंसा का दौर शुरू हुआ और जब ममता दीदी सरकार में आई तो गरीबी और हिंसा के साथ-साथ सिंडिकेट की अराजकता भी पश्चिम बंगाल में शुरू हो गई

******

पश्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार में घुसपैठियों का स्वागत है लेकिन अपना धर्म बचाने, अपनी बहू-बेटियों की इज्जत बचाने आये शरणार्थियों पर अत्याचार होते हैं। सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट के जरिये पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आये ऐसे शरणार्थियों को भारत की नागरिकता दी जायेगी

******

बांग्लादेश सरहद से घुसपैठ बंद नहीं हो रहे क्योंकि घुसपैठिये तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी के वोट बैंक हैं। उनके सत्ता में रहते अवैध घुसपैठ रोके नहीं जा सकते। राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर घुसपैठिये क्या, परिंदे भी राज्य की सीमा में पर नहीं मार सकते

******

मोदी जी कई जनोपयोगी योजनायें पश्चिम बंगाल में भेजते हैं लेकिन ममता दीदी उन योजनाओं के नाम बदलकर उस पर तृणमूल कांग्रेस का ठप्पा लगा देती है। ममता दीदी, आप चाहे कुछ भी कर लीजिये, राज्य की जनता को मालूम है कि ये योजनायें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ही चला रहे हैं

****

ममता दीदी ने आयुष्मान भारत योजना को पश्चिम बंगाल में लागू नहीं करने का निर्णय लिया है क्योंकि उन्हें डर है कि यदि ये योजना पश्चिम बंगाल में शुरू हो गई तो तृणमूल सरकार का राज्य से खात्मा हो जाएगा

****

महागठबंधन 'मजबूर' सकरार चाहता है जबकि देश की जनता 'मजबूत' सरकार चाहती है और 'मजबूत' सरकार भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के अलावा कोई और नहीं दे सकता

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज पूर्वी मिदनापुर (पश्चिम बंगाल) जिले के काँथि रेलवे स्टेशन रोड मैदान, पद्मपुकरिया (कोंट्टई) में एक विशाल जन-सभा को संबोधित किया और कार्यकर्ताओं से राज्य की भ्रष्टाचारी एवं अराजक तृणमूल सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया।

अमर शहीद खुदीराम बोस की जन्मभूमि और बंकिम चन्द्र चटर्जी जी की कर्मभूमि को नमन करते हुए श्री शाह ने कहा कि **2019 का लोक सभा चुनाव 'सोनार बांग्ला' के निर्माण का चुनाव है, सोनार बांग्ला की संकल्पना को साकार करने का चुनाव है।** उन्होंने कहा कि जहां लोकतंत्र की जड़ें मजबूत नहीं होती, वहां विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी ऐसे 'सोनार बांग्ला' का निर्माण करना चाहती है जो रवींद्र संगीत और चैतन्य महाप्रभु के भक्ति गीतों से गुंजायमान हो, जो स्वामी विवेकानंद और रामकृष्ण परमहंस के बताये रास्ते पर आगे बढ़ता हो। इसके लिए पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र को मजबूत करना आवश्यक है।**

पश्चिम बंगाल में तृणमूल सरकार के अलोकतांत्रिक रवैये पर बड़ा हमला करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि क्या पश्चिम बंगाल में हमें प्रचार करने का हक़ है या नहीं? ह**म रथ लेकर पश्चिम बंगाल के गाँव-गाँव जाना चाहते थे, घर-घर जाना चाहते थे, जन-जन तक जाना चाहते थे लेकिन ममता दीदी ने हमें राज्य की जनता से मिलने नहीं दिया जबकि यह हमारा लोकतांत्रिक एवं जनतांत्रिक अधिकार है। ममता दीदी, आप चाहे जितने अवरोध पैदा कीजिये, हमारे कार्यकर्ता पश्चिम बंगाल के जन-जन तक कमल का संदेश लेकर जायेंगे।**

श्री शाह ने कहा कि जब यहाँ के एडीएम ने राज्य में भारतीय जनता पार्टी की रैली के लिए बसें नहीं रोकीं तो आधी रात को तृणमूल सरकार ने उनका ट्रांसफर कर दिया। ममता दीदी, आप एडीएम पर गुस्सा क्यों होती हैं, जितना गुस्सा करना है, हम

पर कीजिये। आपको जितना ट्रांसफर करना है, कर लीजिये, **राज्य के जनता पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना करके ही रहेंगे क्योंकि पश्चिम बंगाल की जनता अब परिवर्तन चाहती है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के 65 कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या कर दी गई है। हमारे कार्यकर्ताओं का गुनाह क्या था? गुनाह बस इतना था कि वे ममता दीदी के सिंडिकेट का विरोध कर रहे थे, ममता दीदी के परिवारवाद, अराजकता और तृणमूल सरकार संरक्षित लोगों द्वारा बम धमाकों का विरोध कर रहे थे। ममता दीदी, आप चाहे भारतीय जनता पार्टी को यात्रा के लिए परमिशन न दें, चाहे हमें यात्रा न करने दें, मेरा हेलिकॉप्टर तक न उतरने दें लेकिन आप राज्य की जनता के दिलों से भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को कैसे निकाल पायेंगी। पश्चिम बंगाल की जनता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की विकास यात्रा से जुड़ने का फैसला कर चुकी है।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के वक्त देश की जीडीपी में पश्चिम बंगाल का योगदान देश के अग्रणी राज्यों में से था लेकिन आज ममता दीदी के शासन काल में राज्य का हर पांचवां व्यक्ति गरीबी रेखा से नीचे जीने को मजबूर है। आज जीडीपी के मामले में 29 राज्यों की सूची में से पश्चिम बंगाल का स्थान 27वां है। पश्चिम बंगाल में बिजली की औसत खपत राष्ट्रीय खपत से लगभग 30% कम है क्योंकि राज्य में उद्योग-धंधे बचे ही नहीं। उन्होंने कहा कि **ममता दीदी ने पिछले चुनाव में पश्चिम बंगाल की जनता से राज्य की 55 हजार बंद फैक्ट्रियों को शुरू कर रोजगार देने का वादा किया था। ममता दीदी बताएं कि इनमें से कितनी फैक्ट्रियां शुरू हुई? फैक्ट्रियां तो शुरू हुई नहीं, हाँ, उसकी जगह हर जिले में बम बनाने की फैक्ट्री जरूर शुरू हो गई।** क्या इस तरह पश्चिम बंगाल का विकास हो सकता है? यह तय है कि ममता दीदी के शासन में पश्चिम बंगाल का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि **पश्चिम बंगाल की जनता ने लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी और तृणमूल कांग्रेस को सरकार चलाने का मौक़ा दिया लेकिन किसी ने भी पश्चिम बंगाल का विकास नहीं किया। आप एक मौक़ा भारतीय जनता पार्टी को दीजिये, हम पश्चिम बंगाल की गौरवशाली संस्कृति को पुनर्स्थापित करेंगे।**

श्री शाह ने कहा कि **पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की सरकार ने गरीबी लाने का पाप किया, कम्युनिस्ट सत्ता में आई तो हिंसा का दौर शुरू हुआ और जब ममता दीदी सरकार में आई तो गरीबी और हिंसा के साथ-साथ सिंडिकेट की अराजकता भी पश्चिम बंगाल में शुरू हो गई। चिटफंड वाले ममता दीदी की पेंटिंग्स को करोड़ों में खरीदते हैं। जब पेंटिंग वाले ही मुख्यमंत्री हो तो चिटफंड वाली कभी पकड़े भी जा सकते हैं क्या? पश्चिम बंगाल में गरीबों की कमाई चिटफंड घोटाला करने वाले लोग खा रहे हैं। पश्चिम बंगाल की जनता एक बार राज्य में परिवर्तन लाये, राज्य में भाजपा की सरकार बनाए, हम गरीबों का पैसा हड़पने वाले एक भी व्यक्ति को नहीं छोड़ेंगे और उनसे गरीबों की पाई-पाई वापस लाकर रहेंगे।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **पश्चिम बंगाल में ममता दीदी की तृणमूल सरकार में घुसपैठियों का स्वागत है लेकिन अपना धर्म बचाने, अपनी बहू-बेटियों की इज्जत बचाने आये शरणार्थियों पर अत्याचार होते हैं। भारतीय जनता पार्टी पश्चिम**

बंगाल में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आये हिंदू, बौद्ध, जैन, सिख, इसाई शरणार्थियों को आश्वस्त करती है कि सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट के जरिये उन्हें भारत की नागरिकता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि **बांग्लादेश सरहद से गौ-तस्करी का सिलसिला बंद होने का नाम नहीं ले रहा, घुसपैठ बंद नहीं हो रहे क्योंकि घुसपैठिये तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी के वोट बैंक हैं। उनके सत्ता में रहते अवैध घुसपैठ रोके नहीं जा सकते। राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर घुसपैठिये क्या, परिंदे भी राज्य की सीमा में पर नहीं मार सकते।** उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ मुक्त पश्चिम बंगाल केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही दे सकती है।

श्री शाह ने कहा कि **पश्चिम बंगाल में सरस्वती पूजा और दुर्गा पूजा पर पाबंदियां लगाई जाती हैं। हम पश्चिम बंगाल में सरस्वती पूजा और दुर्गा पूजा नहीं करेंगे तो क्या पाकिस्तान जाकर करेंगें? भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि पूरे आन-बाण और शान के साथ सरस्वती पूजा और दुर्गा पूजा संपन्न हो।**

केंद्र सरकार की कई योजनाओं का उदाहरण देते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **मोदी जी कई जनोपयोगी योजनायें पश्चिम बंगाल में भेजते हैं लेकिन ममता दीदी उन योजनाओं के नाम बदलकर उस पर तृणमूल कांग्रेस का ठप्पा लगा देती है। ममता दीदी, आप चाहे कुछ भी कर लीजिये, राज्य की जनता को मालूम है कि ये योजनायें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ही चला रहे हैं।** उन्होंने कहा कि आजादी के 70 सालों में गरीब-कल्याण के लिए जितने कार्य नहीं हुए, वे सभी कार्य केवल पांच वर्षों प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कर दिखाए हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 6 करोड़ गैस कनेक्शन वितरित किये गए, लगभग 9 करोड़ शौचालयों का निर्माण कराया गया, ढाई करोड़ घर बनाए गए, लगभग 19 हजार घरों में बिजली पहुंचाई गई, अब घरों को रौशन किया जा रहा है। किसानों को उनकी फसल पर डेढ़ गुना समर्थन मूल्य दिया गया। **देश के गरीबों के लिए आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की गई जिसके तहत देश के 10 करोड़ गरीब परिवारों अर्थात लगभग 50 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है लेकिन ममता दीदी ने पश्चिम बंगाल में इसे लागू नहीं करने का निर्णय लिया है क्योंकि उन्हें डर है कि यदि ये योजना पश्चिम बंगाल में शुरू हो गई तो तृणमूल कांग्रेस की सरकार का पश्चिम बंगाल से खात्मा हो जाएगा।** उन्होंने कहा कि **नागरिकों को पश्चिम बंगाल में हर काम के लिए रिश्वत देना पड़ता है, यदि ये स्थिति बदलनी है तो राज्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी होगी।**

गाँधी परिवार पर तीखा हमला करते हुए श्री शाह ने कहा कि **यूपीए की दस सालों की सोनिया गाँधी और राहुल गाँधी वाली 2G सरकार में 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले हुए थे। अब कांग्रेस ने भ्रष्टाचार की नई योजना बनाई है। प्रियंका वाड्रा के रूप में तीसरा 'जी' भी आ गया है। पता नहीं, अब यदि कांग्रेस की सरकार बनी तो कितने लाख करोड़ का घोटाला होगा?** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस में तो परिवारवाद है ही, तृणमूल कांग्रेस भी इसी रास्ते पर चल रही है। जिस तरह कांग्रेस में नेहरू, इंदिरा गाँधी, राजीव गाँधी के बाद सोनिया गाँधी, सोनिया गाँधी के बाद राहुल गाँधी और प्रियंका वाड्रा का कब्जा है, ठीक उसी**

तरह तृणमूल कांग्रेस में भी ममता दीदी के बाद उनका भतीजा तैयार बैठा है। परिवारवाद में यकीन करने वाले लोग देश का भला नहीं कर सकते।

विपक्ष पर करारा हमला करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **तथाकथित महागठबंधन 'मजबूर' सकरार चाहता है जबकि देश की जनता 'मजबूत' सरकार चाहती है और 'मजबूत' सरकार भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के अलावा कोई और नहीं दे सकता।** उन्होंने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी कहती है कि सरकार ऐसी होनी चाहिए जिसे देश का नेतृत्व करने वाला 'लीडर' चलाये लेकिन तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी चाहती है कि दलाली करने वाले 'डीलर' चलायें। पश्चिम बंगाल की जनता तय करे कि मोदी जी के नेतृत्व में 'लीडर' वाली सरकार चाहिए या फिर ममता दीदी और राहुल गाँधी के नेतृत्व वाली 'डीलर' वाली सरकार।**

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव